# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

पत्रांक : ४५७ / कुसका / 2025 दिनांक : 26 अप्रैल, 2025

सेवा में,

**समस्त प्राचार्यगण,**
सम्बद्ध महाविद्यालय,
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

**महोदय,**

जैसा कि आपको विदित है कि उत्तर प्रदेश शासन ने विश्वविद्यालयों एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में वर्तमान शैक्षणिक सत्र **2025–26** में प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है (पत्र संलग्न)। इन निर्देशों के अनुरूप दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने इस सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया निम्नवत निर्धारित की है –

1. इस प्रक्रिया में अब विश्वविद्यालय या उससे सम्बद्ध किसी महाविद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक आवेदकों को सबसे पहले विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल www.dduguadmission.in पर जाकर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
2. इस पंजीकरण के बाद उसे एक **DDURN** (डीडीयू रजिस्ट्रेशन नम्बर) प्राप्त होगा।
3. ऐसे आवेदक जो किसी सम्बद्ध महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं वे सम्बन्धित महाविद्यालय में अपने **DDURN** का उल्लेख करते हुए वहां प्रचलित व्यवस्था के अनुरूप ऑनलाइन या ऑफलाइनआवेदन फॉर्म भरेंगे ।
4. बिना **DDURN** के महाविद्यालय उनका प्रवेश नहीं करेंगे। प्रत्येक आवेदक का केवल एक पंजीकरण नंबर होगा। इसी के माध्यम से वह चाहे तो एक से अधिक पाठ्यक्रमों के आवेदन कर सकेगा।
5. प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत इसी **DDURN** का प्रयोग करते हुए महाविद्यालय समर्थ पोर्टल पर प्रवेशित अभ्यर्थियों का विवरण अपलोड करेंगे।

भवदीय

**संलग्नक – यथोपरि।**

कुलसचिव

**पृष्ठांकन व दिनांक – उपरोक्त**

**प्रतिलिपि:** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, प्रवेश प्रकोष्ठ, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
2. प्रति कुलपति, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
3. प्रभारी सचिव कुलपति, कुलपति जी को सूचनार्थ।

कुलसचिव

# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

**DDURN पंजीकरण प्रक्रिया**

1. दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की प्रवेश संबंधी आधिकारिक वेबसाइट https://dduguadmission.in/ पर जाएं।
2. वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक "Click here for Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University Registration Number" पर क्लिक करें।
3. खुले हुए पेज के दाहिनी ओर स्थित "New Registration" पर क्लिक करके अपना लॉगिन आईडी (Login ID) बनाएं।
4. पंजीकरण ईमेल आईडी के माध्यम से किया जाएगा, और एक ईमेल आईडी से केवल एक ही पंजीकरण किया जा सकता है, जिसे बाद में बदला नहीं जा सकेगा। इसलिए मान्य (सही और सक्रिय) ईमेल आईडी का ही उपयोग करें, क्योंकि ओटीपी (OTP) उसी ईमेल पर भेजा जाएगा।
5. बनाए गए Login ID एवं पासवर्ड को नोट करके सुरक्षित रखें।
6. लॉगिन ID बनाने के बाद, उसी पेज पर दाहिनी ओर "Login" पर क्लिक करें और अपना पूर्ण विवरण (नाम, पिता का नाम, माता का नाम, ईमेल आदि) भरकर अपनी प्रोफाइल (Profile) को पूर्ण करें।
7. प्रोफाइल पूर्ण करने के बाद पंजीकरण शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करें ।
8. यदि खाते से राशि कट जाए लेकिन भुगतान सफल (Successful) न हो, तो 48 घंटे तक दुबारा भुगतान न करें।
9. भुगतान सफल होते ही आपका DDURN नंबर जनरेट हो जाएगा, जिसे नोट करके सुरक्षित रखें।
10. आप अपने पंजीकरण (DDURN) का प्रिंट (Print Form) पर क्लिक करके कभी भी प्राप्त कर सकते हैं।
11. पंजीकरण (DDURN) के उपरांत जो अभ्यर्थी दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में प्रवेश चाहते हैं, उन्हें कार्यक्रम अनुसार (Programme Wise) ऑनलाइन आवेदन करना होगा
12. यदि कोई अभ्यर्थी महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहता है, तो उसे इस DDURN नंबर को लेकर महाविद्यालय में प्रस्तुत करना होगा।